भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 735
जिसका उत्तर 02 दिसंबर, 2021 को दिया जाना है।
.....

रेणुका बांध का निर्माण

735 श्री सुरेश कश्यप:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की हिमाचल प्रदेश राज्य में गिरि नदी पर रेणुका बांध की निर्माण की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त बांध के निर्माण के लिए स्वीकृत राशि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) बांध का निर्माण कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडू)

(क) और (ख): जल संसाधन परियोजनाओं की योजना तैयार करना, उन्हें वित्त पोषित करना, निष्पादित करना और उनका रखा-रखाव करना राज्य सरकारों द्वारा उनके अपने संसाधनों एवं प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। भारत सरकार की भूमिका तकनीकी सहायता और कतिपय मामलों में, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही मौजूदा योजना के अंतर्गत आंशिक वित्तीय सहायता मुहैया करवाने तक सीमित है।

रेणुका बांध परियोजना को इस मंत्रालय की राष्ट्रीय परियोजना स्कीम के तहत शामिल किया गया है। राष्ट्रीय परियोजना स्कीम के मानदंडों के अनुसार, परियोजना के जल घटक के वर्क पोर्शन हेतु 90% लागत भारत सरकार द्वारा मुहैया करायी जाती है।

(ग): परियोजना हेतु जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण जिसमें बहुउद्देशीय परियोजनाओं संबंधी सलाहकार समिति द्वारा दिनांक 09.12.2019 को आयोजित उनकी 143वीं बैठक में, अक्टूबर, 2018 के मूल्य स्तर पर स्वीकृत संशोधित अनुमानित लागत 6,946.99/- करोड़ रूपए (जल घटक हेतु 6,647.46/- करोड रूपए और ऊर्जा घटक हेतु 299.53 करोड रूपए) है।

(घ): रेणुका बांध परियोजना की अनुमोदित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में कार्य पूरा करने की समयावधि के अनुसार राज्य सरकार द्वारा कार्य को पूरा करने का समय उसके आरंभ किए जाने से 6 वर्षों तक का उल्लेख किया गया है।

*****